

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

13 September 2022




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )



पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 13 सितंबर का इतिहास

- **1947 :** प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।
- **1929 :** लाहौर जेल में भूख हड़ताल के 63 दिनों के बाद जतिन दास की मौत हो गई।
- **1948 :** उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
- **1968 :** अल्बानिया वारसां संधि से अलग हुआ।

## 13 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने चरम मौसम संबंधी चेतावनियों को देने में तेजी लाने के लिए एक हाई-टेक उपग्रह का अनावरण किया। इस उपग्रह का नाम-MTG-i1 है। यह उपग्रह दुनिया भर में तबाही मचाने वाली चरम मौसमी घटनाओं की पूर्व चेतावनी देने में तेजी लाएगा। यह पहल ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ती मौसम की समस्याओं से निपटने के मद्देनजर अहम साबित होगी। यह ऐसे चार बिलियन यूरो के उपग्रहों में पहला है। 2030 तक तीन और MTG-1 इमेजिंग उपग्रहों और दो MTG-S साउंडिंग उपग्रहों को भूस्थैतिक कक्षा में शामिल किया जाएगा।
- अमेरिका ने F-16 लड़ाकू जेट बेड़े के रखरखाव के लिए पाकिस्तान को 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर सहायता की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार इस वित्तीय सहायता से रक्षा क्षेत्र में पाकिस्तान की वर्तमान जरूरत को पूरा करने की क्षमता को बनाए रखेगा।
- केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा से सीमा पार लेनदेन के लिए समय और लागत में कमी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने यह बात कही। सीबीडीसी को इस साल पेश किया जाना है। केंद्रीय बैंक ने सीबीडीसी को इस साल पायलट आधार पर पेश करने का प्रस्ताव दिया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2022 में भारतीयों को 82000 छात्र वीजा जारी किए। भारतीय छात्रों को अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक अमेरिकी छात्र वीजा प्राप्त हुए।
- चीन के पहले पूरी तरह से सौर ऊर्जा से चलने वाले मानव रहित वायुयान ने अपनी पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। इस मानव रहित वायुयान ने शांक्सी प्रांत के हवाई अड्डे से उड़ान भरी और 26 मिनट तक उड़ा।
- भारतीय सेना ने उत्तर पूर्व में आतंकवाद विरोधी काम को छोड़ने और चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए खुद को फिर से तैयार किया है। जिसके तहत अब पूर्वी अरूणाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे के निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे की भूमि को लंबे समय के लिये पट्टे पर देने की नीति के साथ-साथ अगले पांच वर्षों में 300 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारतीय रेल को 300 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के चालू होने के बाद माल ढुलाई सेवाओं से कम से कम सालाना 30,000 करोड़ रूपये के बढ़े हुए राजस्व की उम्मीद है।
- ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही वह खिताब हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए है। विजेता के रूप में चोपड़ा को डायमंड ट्रॉफी $30 हजार और हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली 2030 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप हेतु वाइल्ड कार्ड से नवाजा गया। यह स्पर्धा स्विट्जरलैंड के ज्यूरिम में हुई। इस स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने 88.44 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान लिया, जोकि उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क की पहली व्यक्तिगत मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग ले रहे है। यह बैठक सदस्य देशों के लिए एक-दूसरे के साथ साझेदारी में काम करने के अवसरों को खोलने पर ध्यान केंद्रित करती है। यह नियम-आधारित, समान विचारधारा वाले देशों के बीच एक अनूठी साझेदारी पहल है। इस दौरान व्यापार और निवेश को मजबूत करने के लिए उद्योग जगत के नेताओं ओर उद्यमियों के साथ भी बातचीत की जाएगी, जिससे भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा।
- देश के चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के नवनिर्मित राष्ट्रीय कार्यालय सेंटर फॉर सिटीजन सर्विस का उद्घाटन किया। NALSA को दी गई जैसलमेर हाउस की जगह का उपयोग अब किया जाएगा। सीजेआई उदय उमेश ललित एनएएलएसए के प्रमुख संरक्षक हैं।
- भारतीय मूल की बैरिस्टर सुएला ब्रेवरमैन को ब्रिटेन की नई गृह सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। यह भारतीय मूल की प्रीति पटेल की जगह ली। ब्रेवरमैन बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार में अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य कर चुकी है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अडानी समूह स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 70 अरब डॉलर के हरित निवेश के तहत कब तक तीन गीगा कारखाने लगाएगा ?**

(A) 2023 (B) 2025
(C) 2027 (D) 2030

**(D)** अडानी समूह 2030 तक 70 अरब डॉलर के निवेश के तहत सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर बनाने के लिए तीन गीगा कारखाने लगाएगा। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी ने यह जानकारी दी। समूह का लक्ष्य 2030 तक दुनिया का शीर्ष नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक बनना है।



**2. हाल ही में किस राज्य सरकार ने 100 दिन की शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की है ?**

(A) हरियाणा (B) तेलंगाना
(C) राजस्थान (D) ओडिशा

**(C)** राजस्थान सरकार ने शहरी इलाकों में जरूरतमंद परिवारों को साल में कम से कम 100 दिन का रोजगार मुहैया कराने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस योजना से शहरी क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को जीवन यापन करने में मदद मिलेगी।



**3. हाल ही में किस देश के कप्तान एरोन फिंच ने वनडे से संन्यास लिया ?**

(A) भारत (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) न्यूजीलैंड (D) श्रीलंका

**(B)** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 सितंबर को वह अपना आखिरी वनडे मैच खेलें। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए 145 वनडे मैच खेलने वाले एरोन फिंच इस फॉर्मेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पिछली सात पारियों में उनके बल्ले से केवल 26 रन निकले हैं।



**4. संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक में भारत किस स्थान पर है ?**

(A) 59 (B) 87
(C) 132 (D) 147

**(C)** मानव विकास सूचकांक के मामले में भारत 2021 में 191 देशों की सूची में 132वें स्थान पर रहा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत का एचडीआइ मान 0.633 है। साल 2020 में भारत 0.645 एचडीआई मान के साथ 131वें स्थान पर था। रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए जीवन प्रत्याशा में गिरावट को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।




**5. मिस अर्थ इंडिया-2022 का खिताब किसने जीता है ?**

(A) वंशिका परमार (B) निकोल फारिया
(C) रश्मि माधवी (D) सिनी शेट्टी

**(A)** मिस अर्थ इंडिया-2022 का खिताब वंशिका परमार ने जीता है। वंशिका परमार हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। मिस अर्थ इंडिया 2022 का खिताब जीतने के बाद वंशिका परमार अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फिलीपिंस में होने वाली मिस अर्थ प्रतियोगिता 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।



**6. स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए नई स्कूल स्वास्थ्य योजना 'सेहत' को किस राज्य सरकार ने शुरू किया है ?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान
(C) मध्यप्रदेश (D) कर्नाटक

**(A)** इस योजना के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार 25 लाख स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जांच में एकत्रित किये गए डाटा को ई-उपचार पोर्टल से जोड़ा जाएगा। जिससे किसी भी स्थान पर बच्चे का डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध होगा।




**7. डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित ई-अभियोजन पोर्टल के माध्यम से मामलों के निपटान करने की संख्या में कौनसा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) तमिलनाडु (B) ओडिशा
(C) केरल (D) उत्तरप्रदेश

**(D)** डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित ई-अभियोजन पोर्टल के माध्यम से मामलों के निपटान में उत्तर प्रदेश 9.12 मिलियन मामलों के साथ भारत में शीर्ष स्थान पर रहा है। ई-अभियोजन पोर्टल भयानक आपराधिक मुकदमे में तेजी लाने में अदालतों और अभियोजन प्रणाली की मदद करने के लिए गृह, IT और कानून मंत्रालयों की एक पहल है।



**8. सांस के माध्यम से कोरोना की सुई मुक्त वैक्सीन Ad5-nCoV को आपातकालीन मंजूरी देने वाला दुनिया का पहला देश कौनसा बना है ?**

(A) भारत (B) डेनमार्क
(C) चीन (D) जर्मनी

**(C)** चीन सांस के माध्यम से कोरोना की निडिल फ्री वैक्सीन Ad5-nCoV को आपात मंजूरी देने वाला दुनिया का पहला देश बन गा है। इस वैक्सीन को तियानजिन स्थित कैनसिनो बायोलॉजिक्स इंक द्वारा बनाया गया है। इस वैक्सीन को सूंघकर कोरोना से बचाव किया जा सकता है।



**9. हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और ब्रिटेन सरकार ने ब्रिटिश एयरोस्पेस प्रणाली के सहयोग से कितने देशों के लिए सफलतापूर्वक साइबर सुरक्षा अभ्यास का डिजाइन और संचालन किया ?**

(A) 20 (B) 23
(C) 25 (D) 26


**(D)** यह अभ्यास भारत के नेतृत्व में इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव यानी अंतर्राष्ट्रीय साइबरन फिरौती रोधी पहल के तहत संचालित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न संगठनों को साइबर हमले के संकट से व्यापक सुरक्षा प्रदान करना है। इस अभ्यास का विषय ऊर्जा क्षेत्र पर आधारित है, जिसमें प्रतिभागी देशों की राष्ट्रीय साइबर अपराध प्रबंधन टीमों को बिजली वितरण कंपनियों पर किसी रैनसमवेयर हमले की स्थिति से निपटना था।



**10. मोक्सी एक्सपेरिमेंट किस ग्रह से संबंधित है ?**

(A) बुध (B) यूरेनस
(C) मंगल (D) शुक्र

**(C)** मार्स ऑक्सीजन इन-सीटू रिसोर्स यूटिलाइजेशन एक्सपेरिमेंट को मोक्सी के नाम से जाना जाता है। इसका संबंध मंगल ग्रह से है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इसके जरिये मंगल ग्रह पर मानव भेजने की तैयारी कर रहा है। मोक्सी इस संभावना को प्रबल करता है कि सांस लेने के लिए मंगल ग्रह के वातावरण से ऑक्सीजन का उत्पादन किया जा सकता है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज